सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली; 14 नवंबर, 2023: राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

05 मई, 1966 को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया गया था।